सत्यमेव जयते

पावती सहित [illegible] डाक द्वारा

**विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली**
MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS
NEW DELHI

<u>सूचना का अधिकार मामला</u>

<u>समयबद्ध</u>

**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय ,नई दिल्ली**

**चीन प्रभाग**

सं. ई/551/ 30 /2016-आरटीआई

17 अगस्त, 2016

**सेवा मे,**

**श्री मनीश कुमार शर्मा**
**डी-12, सतीश कॉलोनी. समतल चौक**
**नगलिया भिवाड़ी, जिला- अलवर**
**राजस्थान-301 019**

**विषयः सूचना का अधिनियम 2005 ,के अंतर्गत माँगी गई सूचना**

महोदय,

कृपया गृह मंत्रालय को संबोधित दिनांक 22.7.2016 के अपने आरटीआई आवेदन का अवलोकन करें जिसे आरटीआई प्रकोष्ठ, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली को स्थानांतरित किया गया था।

2. चीन और कोरिया के संदर्भ में आपके प्रश्न क्रमांक 6 का उत्तर निम्नानुसार हैः-

*जम्मू और कश्मीर में भारत की भूमि का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्जे में है। इसके इतिरिक्त, 2 मार्च. 1963 को चीन तथा पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षर किए गए तथाकथित चीन-पाकिस्तान "सीमा-करार" के तहत पाकिस्तान ने पाक अधिकृत कश्मीर के 5,180 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अवैध तरीके से चीन को सौंप दिया है।*

*जम्मू और कश्मीर राज्य भारत का एक अखण्ड एवं अहरणीय भाग है। यह बात उच्चतम स्तरों सहित कई अवसरों पर चीन को सूचित किया गया है।*

3. यदि आप इस उत्तर से संतुष्ट नहीं है, तो आप इस पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर श्री सुजीत घोष, निर्देशक (पूर्व एशिया) एवं अपीलीय प्राधिकारी, विदेश मंत्रालय, साउथ ब्लाक, नई दिल्ली - 110011 को अपील दायर कर सकते हैं।

भवदीय

अनिकेत गो. मांडवगणे

(अनिकेत गोविंद मांडवगणे), आईएफएस
अवर-सचिव (चीन और कोरिया), एवं केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रतिलिपि प्रेषितः

1. श्री संदीप कुजूर, अवर सचिव (आरटीआई), विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली

मुख्य सूचना अधिकारी
गृह मंत्रालय.
भारत सरकार.
दिल्ली . भारत

दिनांक: 20/07/2016

**<u>विषय: सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना प्राप्ति हेतु!</u>**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि कृपया निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करे !

1. महाराजा जयसिंह द्वारा जम्मू कश्मीर राज्य के विलय के समय जो दस्तावेज हस्ताक्षर किये गये थे कृपया उनकी प्रितिलिपि प्रदान करे जिससे की इस बात को बल मिल सके कि जम्मू कश्मीर पूर्ण रूप से भारत का हिस्सा है और इस पर किसी अन्य देश का तनिक भी हक़ नही है!

2. किस आधार पर जम्मू कश्मीर राज्य को धारा 370 के अंतर्गत विशेषाधिकार प्राप्त है!

3. जम्मू कश्मीर किस तरह से भारत का अनन्य अंग है!

4. कृपया उन शर्तो का भी विवरण दे जिस पर जम्मू कश्मीर राज्य के विलय के समय दोनों पक्षों की सहमति थी!

5. भारत पाकिस्तान युद्धों के दौरान हमने किस राज्य में कौन से क्षेत्र हम जीत गये है !

6. क्या भारत का कोई भी क्षेत्र ऐसा है जो आजादी के समय हमारे पास था और अभी हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है!

7. अगर पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है तो उसे वापस प्राप्त करने के लिए क्या प्रयास किये गये!

8. कृपया शिमला समझोते कि एक अधिकारिक प्रितिलिपि प्रदान करने कि कृपा करे!

9.क्या किसी राष्ट्र को आंतंकवादी राष्ट्र घोषित करने के लिए कोई मापदंड है, अगर है तो बताने कि कृपा करे!

10. कितने भारतीय नागरिक पाकिस्तान की जेलों में बंद है!

11. कितने पाकिस्तानी नागरिक भारतीय जेलों में बंद है( आतंकवाद के आरोपों से अलग)

**<u>नोट : कृपया पत्राचार हिंदी भाषा में करे !!</u>**

धन्यवाद!!

प्रार्थी:
मनीष कुमार शर्मा
D-12, सतीश कॉलोनी, समतल चौक
नगलिया भिवाड़ी. जिला- अलवर
राजस्थान-301019
+91-9887197050